**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 992**
दिनांक 05 दिसम्बर, 2025 को उत्तर देने के लिए

**वन स्टॉप केंद्रों (ओएससी) का संचालन**

**992. श्री करण भूषण सिंह:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में राज्य-वार, जिला-वार, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, वर्तमान में संचालित वन स्टॉप केंद्रों (ओएससी) की संख्या कितनी है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान ओएससी सेवाओं से लाभान्वित महिलाओं की राज्य-वार, जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वित किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है कि केंद्र बढ़ती मांग को कुशलतापूर्वक पूरा करने/जरूरतमंद महिलाओं को समय पर सहायता प्रदान करने में सक्षम हों?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (ग) :** वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) व्यापक मिशन शक्ति के अंतर्गत संबल उप-योजना का एक घटक है। यह निजी और सार्वजनिक दोनों स्थानों पर हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत सहायता और सहयोग प्रदान करता है। ओएससी जरूरतमंद महिलाओं को चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता और सलाह, अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता और मनो-सामाजिक परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान

करता है। अब तक  उत्तर प्रदेश में 96 ओएससी सहित देश भर में 864 ओएससी कार्यशील हैं। इसकी शुरुआत के बाद से, अर्थात 1 अप्रैल, 2015 से 30 सितंबर, 2025 तक, देश भर में 12.67 लाख से अधिक महिलाओं की सहायता की गई है। देश में कार्यशील वन स्टॉप सेंटरों और सहायता की गई महिलाओं की राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों के अधीन है। इसके अतिरिक्त, वर्ष में एक बार, कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मिलकर योजना के अंतर्गत गतिविधियों की प्रगति की निगरानी करता है और उद्देश्यों की प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा करता है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों के साथ मिलकर, वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) में महिलाओं की बढ़ती माँग, दृश्यता और समय पर सहायता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है ताकि गुणवत्तापूर्ण सहायता सुनिश्चित की जा सके। ओएससी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में दृश्यता और जागरूकता बढ़ाने के लिए साइनेज, स्टैंडी, सूचना पट्ट और व्हीकल ब्रांडिंग के लिए टेम्पलेट तैयार किए गए हैं और उन्हें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों  के साथ साझा किया गया है ताकि इन्हें प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, स्वास्थ्य संस्थानों, पुलिस थानों और सामुदायिक कार्यक्रमों में प्रदर्शित किया जा सके।

*****

**अनुलग्नक**

**'वन स्टॉप सेंटरों के संचालन' के संबंध में श्री करण भूषण सिंह द्वारा पूछे गए दिनांक 05.12.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 992 के भाग (क) से (ग) में उल्लिखित अनुलग्नक**

उत्तर प्रदेश सहित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार कार्यशील ओएससी और सहायता की गई महिलाओं का विवरण

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **कार्यशील ओएससी की संख्या** | **सहायता की गई महिलाओं की कुल संख्या[लाख में] (शुरुआत से 30 सितम्बर 2025 तक)** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 3 | 2169 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 26 | 45999 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 25 | 2749 |
| 4 | असम | 36 | 31600 |
| 5 | बिहार | 39 | 48101 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 2150 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 34 | 52662 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 3 | 1535 |
| 9 | दिल्ली | 11 | 40674 |
| 10 | गोवा | 2 | 7190 |
| 11 | गुजरात | 35 | 45514 |
| 12 | हरियाणा | 22 | 53628 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 13 | 4941 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 20 | 17096 |
| 15 | झारखंड | 24 | 8263 |
| 16 | कर्नाटक | 40 | 35717 |
| 17 | केरल | 14 | 24528 |
| 18 | लद्दाख | 2 | 157 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 | शून्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | मध्य प्रदेश | 57 | 133647 |
| 21 | महाराष्ट्र | 55 | 40697 |
| 22 | मणिपुर | 16 | 2277 |
| 23 | मेघालय | 12 | 4992 |
| 24 | मिजोरम | 13 | 3322 |
| 25 | नागालैंड | 17 | 1665 |
| 26 | ओडिशा** | 32 | 40889 |
| 27 | पुदुच्चेरी | 4 | 617 |
| 28 | पंजाब | 23 | 25489 |
| 29 | राजस्थान | 50 | 55551 |
| 30 | सिक्किम | 6 | 2207 |
| 31 | तमिलनाडु | 49 | 133260 |
| 32 | तेलंगाना | 36 | 79889 |
| 33 | त्रिपुरा | 9 | 1689 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 96 | 292613 |
| 35 | उत्तराखंड | 14 | 14605 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 24 | 9133 |
| | **कुल** | **864** | **12,67,215** |

*****